हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 23 सितंबर 2026, समय13:05 (5 मिनट)

-----------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को स्पष्ट एवं सख्त निर्देश दिए हैं कि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए परेशान न होना पड़े। उन्होंने, जनप्रतिनिधियों द्वारा सामने लाए गए मुद्दों को भी प्राथमिकता पर लेने को कहा है।
मुख्यमंत्री कल चंडीगढ़ में विधायकों, प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों के साथ एक अहम बैठक में जनसमस्याओं पर प्रतिक्रिया ले रहे थे।
उन्होंने कहा कि विधायक जनता की आवाज बनकर जो विषय सरकार तक पहुंचा रहे हैं, उन पर केवल आश्वासन नहीं, बल्कि धरातल पर कार्रवाई दिखाई देनी चाहिए।
लगभग 6 घंटे चली मैराथन बैठक में जनसंवाद पोर्टल पर जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजी गई शिकायतों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में लोकसभा क्षेत्र अनुसार, विधानसभा क्षेत्रों पर जनता की शिकायतों पर बिंदुवार समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक सचिवों को सख्त निर्देश दिए कि वे संबंधित मामलों की स्वयं निगरानी करें और समाधान की प्रक्रिया को केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रखते हुए उसका वास्तविक परिणाम सुनिश्चित करें।
मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन का अर्थ केवल नीतियां बनाना नहीं, बल्कि उन नीतियों का असर अंतिम व्यक्ति तक दिखाई देना है। सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचे तथा प्रशासनिक स्तर पर आने वाली बाधाओं को दूर किया जाए, यह अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

-----------------------------------------------------------------------------------

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज पलवल के गांव बामनीखेड़ा में आयोजित नमो क्रिकेट लीग में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।
केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य लोगों की सेवा करना तथा उन्हें स्वावलंबी और सशक्त बनाना है। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सफाई अभियान, रक्तदान शिविरों , नमो क्रिकेट लीग, वृक्षारोपण कार्यक्रमों , दिव्यांगों को सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने जैसे सेवा के कार्य किए जा रहे हैं।
सेवा संकल्प अभियान के दौरान आयोजित की जा रही नमो क्रिकेट लीग को लेकर केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए नमो क्रिकेट लीग शुरू की गई है।

श्री गुर्जर ने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने खेलों में नए नए कीर्तिमान स्थापित करके देश का गौरव बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में हरियाणा की खेल नीति का अहम योगदान है। प्रदेश में खिलाडियों को हर संभव सुविधा प्रदान कर सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है।

---------------------------------------------------------------------------------

आयुष्मान भारत – प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना ने आज आठ वर्ष पूरे कर लिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सितंबर 2018 में झारखंड के रांची से इस योजना का शुभारंभ किया था। यह विश्व की सबसे बड़ी सरकारी स्वास्थ्य बीमा योजना बन गई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस योजना से चिकित्सा खर्च में रिकॉर्ड बचत हुई है और गरीब तथा मध्यम वर्ग को लाभ मिला है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आठ वर्ष पहले आयुष्मान भारत को इस विचार के साथ शुरू किया गया था कि प्रत्येक भारतीय को उच्च गुणवत्ता वाली और किफायती स्वास्थ्य सेवा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज 6 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को 5 लाख रुपये वार्षिक स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिल रहा है, जिससे यह विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना बन गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 5 करोड़ से अधिक लोग आ चुके हैं, जिससे जमीनी स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा मजबूत हुई है। अब तक 4 करोड़ 54 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं।

---------------------------------------------------------------------------------